Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to provide irrigation facilities to the farmers in District of Bharuch under Pradhan Mantri Sichai Yojana.

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच) : माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया है, मैं उसके लिए आपका आभारी हूं । अध्यक्ष जी, हमारा देश कृषि प्रधान देश है । किसान जगत का पिता कहलाता है । भारतीय जनता पार्टी और श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी की सरकार में देश के किसानों के हित में बहुत सारी योजनाएं चल रही हैं । जैसा कि प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधान मंत्री सिंचाई योजना, फसल बीमा आदि योजनाओं से किसानों को ऊपर उठाने के लिए सरकार बहुत अच्छा कदम उठा रही है । फिर भी मेरे लोक सभा क्षेत्र भरूच में नर्मदा जिले और भरूच जिले में ढेडियापाड़ा, सागबारा, वाल्या, झगढ़ा जैसी ट्राइबल बेल्ट्स हैं, जहां किसानों को सिंचाई की सुविधा नहीं है । सिंचाई की सुविधा नहीं होने की वजह से वहां से किसान पलायन कर जेआइडीसी, भरूच, सूरत, आदि स्थानों पर अपने-अपने रोज़गार-धंधों के लिए चले जाते हैं । मेरी आपके माध्यम से सरकार से विनती है कि जहां चिंसाई की सुविधा नहीं है, वहां प्रधान मंत्री सिंचाई योजना के अंतर्गत सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए । सिंचाई की सुविधा होने के साथ-साथ पशुपालन का व्यवसाय भी विकसित होगा । आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।